आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 जनवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश को दो नई अमृत भारत ट्रेनों की सौगात दी। श्री मोदी ने असम से गुवाहाटी (कामाख्या)–रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़–लखनऊ–गोमती नगर, अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखायी। गुवाहाटी रोहतक अमृत भारत ट्रेन वाराणसी और प्रयागराज से होकर गुजरेगी। ये नई रेल सेवाएं पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क मजबूत बनाएंगी, जिससे सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा संभव हो सकेगी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव–वन प्वाइंट जीरो का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ पच्चीस करोड़ की आबादी वाला राज्य ही नहीं है बल्कि देश और पड़ोसी राज्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति का सबसे बड़ा केन्द्र भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थ केयर इनोवेशन और फार्मा मैन्युफेक्चरिंग का राष्ट्रीय और वैश्विक हब बनाने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन में भारत सरकार के साथ मिलकर स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन करने में सफलता प्राप्त की है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से, उनके मार्गदर्शन में भारत सरकार के साथ मिलकर पिछले आठ–नौ वर्षों के अंदर स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन करने में सफलता प्राप्त की है। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को हमने बेहतर करने का प्रयास किया। सीएससी, पीएससी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की एक लंबी श्रृंखला हमारे सामने है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पच्चीस करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में पिछले ग्यारह वर्षों में लोगों के लिये स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराना आसान हुआ है।

पिछले 11 वर्षों के अंदर स्वास्थ्य की सुविधाओं में हुए व्यापक परिवर्तन, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का और अधिक मजबूत होना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड की उपलब्धताकृआज अकेले उत्तर प्रदेश में 5.5 करोड़ गोल्डन कार्ड हम लोगों ने जारी किए हैं, जिन्हें हम आयुष्मान की सुविधा से 5 लाख प्रतिवर्ष स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने यूपी आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया और क्लिनिकल ट्रायल के लिये एसओपीएस पुस्तक का विमोचन भी किया।

****

रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के तहत छः फरवरी से बीस फरवरी तक लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और एएमसी स्टेडियम में अग्निवीरों की भर्ती के लिये रैली का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क तथा स्टोरकीपर और अग्निवीर ट्रेड्स मैन की भर्ती प्रक्रिया आयोजित होगी। इस रैली में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्होंने जुलाई दो हजार पच्चीस में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एन्ट्रेंस एक्जाम पास किया है। सभी अभ्यर्थियों के लिये प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं।

****

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का छियासीवां सम्मेलन और विधायी निकायों के सचिवों का बासठवां सम्मेलन कल से लखनऊ में शुरू हो रहा है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला करेंगे। उन्होंने बताया कि बीस जनवरी को सम्मेलन के विषय पर चर्चा होगी और इक्कीस जनवरी को इसका समापन होगा। समापन सत्र को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्बोधित करेंगे। इस सम्मेलन में सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं के अध्यक्ष और विधानसभा परिषदों के सभापति उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इससे पहले यह आयोजन दो हजार पन्द्रह में हुआ था। पीठासीन अधिकारियों और विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन को देखते हुए लखनऊ में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

****

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने जेईई–मेन 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। 21 से 24 जनवरी के बीच परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी आधिकारिक वेबसाइट जेईई डैश मेन डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

****

उत्तर प्रदेश पुलिस ने वाराणसी में मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण कार्य से संबंधित सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करने के आरोप में कल आठ अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

****

मौनी अमावस्या पर आज प्रदेश के विभिन्न नदियों में लाखों श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। प्रयागराज में इस अवसर पर देश भर से आये श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी पर आस्था की डुबकी लगायी। वहां लगे माघ मेले का यह तीसरा महत्वपूर्ण स्नान है। वाराणसी में गंगा नदी के तट पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान–पुण्य किया। अयोध्या के सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने स्नान किया और उसके बाद श्रीराम मंदिर सहित वहां के विभिन्न मंदिरों में दर्शन–पूजन कर अनुष्ठान सम्पन्न किया।

****